अमर उजाला 15/11/2025

# मानव श्रृंखला बनाकर गाया वंदे मातरम् गीत



प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देते नप अधिकारी। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की एनएसएस यूनिट्स, वाईआरसी, म्युनिसिपल काउंसिल अंबाला सदर के सानिध्य में हुए इस उत्सव में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन तथा एनएसएस यूनिट द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला रही। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ अंबाला, हरित अंबाला अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, देवेंद्र नरवाल, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद